### एक नजर में

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का प्रॉपर्टी एक्सपो 23 को

**इंदौर.** सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा एक भव्य प्रॉपर्टी एक्सपो के आयोजन की घोषणा की गई है।यह एक्सपो आगामी 23 अगस्त 2025 को हॉटल अभिनंदनम, विजयनगर इंदौर में सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा।इस एक्सपो में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा विभिन्न शाखाओं द्वारा ह्क्कखातों में बंधक रखी गई प्रॉपर्टी जो कि निलामी द्वारा विक्रय हेतु आकर्षक दरो में उप्लब्ध है। इस एक्सपो में प्रॉपर्टी डीलर, होम लोन विशेषज्ञ और बैंक के ऋण अधिकारी उपस्थित रहेंगे।इस एक्सपो में आकर्षक ब्याज दरों पर होम लोन की सुविधा, विभिन्न शहरों की रजिस्टर्ड आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों के साथ-साथ विशेषज्ञों द्वारा मुफ्त काउंसलिंग और सहायता प्राप्त होगी। सभी सम्मानीय ग्राहकों, गृह खरीदारों, निवेशकों और रियल एस्टेट में रुचि रखने वाले नागरिकों से आग्रह है कि वे इस एक्सपो का लाभ उठाने जरूर आये.

## पौधारोपण कार्यक्रम 23 को

इंदौर. वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत 23 अगस्त को नायता मुंडला क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के सामने स्थित सड़क किनारे ग्रीन बेल्ट में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. इस अवसर पर केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे. कार्यक्रम में नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण शामिल होंगे.

## पीएनजी ज्वेलर्स इंदौर में वापसी कर रहा

**इंदौर.** पी एन गाडगील ज्वेलर्स लिमिटेड गर्व के साथ घोषणा करता है कि वह 23 अगस्त को इंदौर में अपना नया शोरूम लॉन्च करने जा रहा है. यह कंपनी का महाराष्ट्र से बाहर पहला रिटेल विस्तार है. इंदौर में विस्तार का कारण शहर की विकास क्षमता, महाराष्ट्र से सांस्कृतिक जुड़ाव और पारंपरिक शिल्पकला की साझा सराहना है. 192 वर्षों की विरासत के साथ, पीएनजी ज्वेलर्स एक पारिवारिक ज्वेलर के भरोसे को कॉर्पोरेट मूल्यों से जोड़ता है और सप्तम, कथा, नक्षी, स्वराज्य और आशीर्वाद जैसी विशेष कलेक्शन्स प्रस्तुत करता है, जो परंपरा और भावनात्मक कहानी कहने की कला से प्रेरित हैं. आगामी लॉन्च के बारे में बात करते हुए पीएनजी ज्वेलर्स के सीआरएम, मार्केटिंग, ई-कॉमर्स और सीएसआर हेड हेमंत चव्हाण, ने कहा इंदौर, पीएनजी की विरासत और मूल्यों से गहराई से जुड़ा है. हमारी वापसी केवल व्यवसाय विस्तार नहीं है, बल्कि उस बाज़ार से दोबारा जुड़ाव है जो परंपरा को महत्व देता है और आधुनिक डिज़ाइन को अपनाता है. यह शोरूम सोना, हीरा और चांदी की बेहतरीन विविधता प्रस्तुत करेगा, जो हर ग्राहक वर्ग के लिए प्रामाणिकता, नवाचार और मूल्य सुनिश्चित करेगी. इंदौर लॉन्च, पीएनजी ज्वेलर्स की बड़ी रणनीति का हिस्सा है जिसके तहत कंपनी तीन राज्यों से बढ़कर छह राज्यों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहती है, जिसमें मध्य और उत्तर भारत पर विशेष ध्यान दिया जाएगा.

## टास्कअस इंडिया ने करूणा व एकता का संदेश दिया

**इंदौर.** टास्कअस इंडिया ने 13 से 15 अगस्त तक अपने सभी केंद्रों पर स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किए और इस अवसर को आशा, समानता और कम्युनिटी सर्विस को समर्पित किया. इस समारोह में इंदौर और गुरुग्राम ऑफिसिज के टीम के सदस्य सार्थक पहलों के माध्यम से स्वतंत्रता, करुणा और एकता के संदेश फैलाने के लिए एक साथ आए. इंदौर के रंगरेज़ा स्थल पर, समारोह का मुख्य आकर्षण रॉबिनहुड आर्मी के सहयोग से आयोजित फूड डोनेशन ड्राइव था. लगभग 50 टीम के सदस्यों ने विभिन्न स्थानीय समुदायों में ज़रूरतमंद व्यक्तियों और परिवारों को ताज़ा तैयार भोजन वितरित करने के लिए अपना समय और प्रयास स्वेच्छा से दिया. सपना भंबानी, इंडिया कंट्री लीड, टास्कअस इंडिया ने कहा कि टास्कअस में, हम स्वतंत्रता दिवस को सभी के लिए प्यार और करुणा का विस्तार करने और लोगों के जीवन में एक ठोस बदलाव लाने के अवसर के रूप में देखते हैं. इंदौर में, हमारे रंगरेज़ा टीम के साथियों ने कम्युनिटी के भीतर शरीर और आत्मा दोनों को नई ऊर्जा देने के लिए अपना समय समर्पित करके इस विश्वास को पूरे दिल से अपनाया. गुरुग्राम के प्रयासों ने इसी भावना को प्रतिबिंबित किया, जिससे हमारा स्वतंत्रता दिवस आशा, एकता और करुणा का एक राष्ट्रव्यापी उत्सव बन गया.

## संगीत भाव अभिव्यक्ति का श्रेष्ठ विकल्प



इंदौर. भारतीय चित्रपट के सफ़र से चुनिंदा और श्रेष्ठ गीतों की शृंखला का सफल मंचन इंदौर शहर के प्रतिष्ठित रवीन्द्र नाट्य गृह सभागार में आयोजित इस बेहतरीन कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ गायिका सरला मेंघानी द्वारा सरस्वती वंदना कर और मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन कर की गई. उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि संस्कृति मंत्रालय सदस्य डॉ भरत शर्मा ने कहा की संगीत अपनी लयबद्धतता से जीवन की खुशियों और दुखों के पल को अभिव्यक्त करते हैं. श्रृंगार रस की यह विधा भाव, लय, सुर और ताल का संयोजन कर हमें मुग्ध कर देती है. संगीत भाव अभिव्यक्ति का श्रेष्ठ विकल्प हैं. एकल और युगल गीतों का बेहतरीन प्रदर्शन कर मधु मुकेश, सरला मेंघानी, संजय छत्रकार, डॉ अल्पना आर्या, अशिमत सागर, रचना वैध, राकेश नागर, रिया श्रीवास्तव ने श्रीताओ को आल्हादित कर कार्यक्रम को सफल बना दिया. सभी सिंगर्स के रोमांटिक और रिदमिक सांग्स बहुत कठिन हाई पिच और लम्बी तान वाले संगीतबद्ध गानों पर सफल प्रस्तुति देकर श्रोताओं का मन मोह लिया. सिंफनी बैंड के पिंटू कसेरा और उनकी टीम द्वारा संगीत संयोजन बहुत ही कुशल और शानदार रहा. मुख्य अतिथि डॉ भरत शर्मा का स्वागत आयोजक राम मेंघानी ने किया. विशेष अतिथियों नामदेव कुकरेजा, हरीश भाटिया, श्रीचंद शादीजा, हरिओम कसेरा, चंदू शिंदे और सुदर्शन गुप्ता की उपस्थिति रही. संजय शर्मा ने मंच संचालन का किया. लख्मीचंद वर्मा, कमल वीरवानी और जितेन्द्र गुप्ता ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम् भूमिका निभायी.

## शाओमी इंडिया ने रेडमी 15 5जी लॉन्च किया

**इंदौर.** शाओमी इंडिया ने ग्लोबल इनोवेशन के 15 साल और भारत में 11 साल पूरे होने के मौके पर रेडमी 15 5जी लॉन्च किया है. यह नया डिवाइस पावर, परफॉर्मेंस और स्टाइल का बेहतरीन संगम है, जिसे आज के हरपल कनेक्टेड रहने वाले ग्राहकों के लिए डिज़ाइन किया गया है. रेडमी 15 5जी में इस सेगमेंट की पहली 7000एमएएच की ईवी-ग्रेड सिलिकॉन-कार्बन बैटरी है. इसमें 144हर्ट्ज़ रिफ्रेश रेट वाला 6.9-इंच एफएचडी+ अडैप्टिव सिंक डिस्प्ले, टीयूवी रीनलैंड ट्रिपल सर्टिफिकेशन और इमर्सिव एंटरटेनमेंट के लिए डॉल्बी-सर्टिफाइड स्पीकर्स भी हैं. यह फ़ोन स्नैपड्रैगन 6एस जेन 3 प्रोसेसर, 16जीबी तक रैम (वर्चुअल रैम सहित) और यूएफएस 2.2 स्टोरेज द्वारा ऑपरेटेड है. इसका 50एमपी एआई डुअल कैमरा सिस्टम और 8 एमपी फ्रंट कैमरा, एआई फीचर्स द्वारा सपोर्टेड, वर्सटाइल इमेजिंग सुनिश्चित करता है. 28 अगस्त से उपलब्ध, फ्रॉस्टेड व्हाइट, मिडनाइट ब्लैक और सैंडी पर्पल रंगों में इसकी शुरुआती कीमत 14,999 रुपए है.

## अमेज़न पर पालतू जानवरों के लिए उत्पाद

**इंदौर.** त्योहारों का मौसम शुरू होते ही, पालतू जानवर रखने वाले परिवार अपने इन प्यारे दोस्तों को भी उत्सव में शामिल करने के तरीके ढूंढ रहे हैं. पालतू जानवरों की देखभाल के लिए ज़रूरी चीज़ों के विस्तृत और सोच-समझकर तैयार किए गए संग्रह के साथ, अमेज़न की रोज़ाना की ज़रूरी चीज़ें देश भर के पालतू जानवरों के पालकों को रोज़मर्रा की चुनौतियों का समाधान करने वाले अनोखे उत्पाद खोजने में मदद कर रहे हैं. अमेज़न इंडिया के एवरीडे एसेंशियल्स के निदेशक निशांत रमन ने कहा हम पालतू जानवरों की देखभाल को एक विशिष्ट श्रेणी से आगे घरेलू खरीदारी के एक सार्थक हिस्से के रूप में उभरते देख रहे हैं. आजकल ग्राहक अपने पालतू जानवरों के लिए ज़्यादा सोच-समझकर चीज़ें खरीदते हैं और ऐसे समाधान खोजते हैं जो न केवल कार्यात्मक हों, बल्कि रोज़मर्रा की दिनचर्या के अनुकूल भी हों. हमारा यूनिक फ़ाइंड्स कलेक्शन ऐसे उत्पाद खोजने में मदद कर रहा है जो बहुत ही विशिष्ट ज़रूरतों को पूरा करते हैं, जिनके बारे में ग्राहकों को अक्सर तब तक पता नहीं चलता जब तक वे उन्हें ढूंढ नहीं लेते.

## भारत गर्व से खड़ा है आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में

इंदौर. एनएसई के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार चौहान ने स्वतंत्रता दिवस पर कहा कि इस स्वतंत्रता दिवस पर हम उन मूल्यों और संकल्प का उत्सव मना रहे हैं, जिन्होंने हमारे राष्ट्र की यात्रा को आकार दिया है. 79 वर्षों की आज़ादी पूरी करते हुए भारत एक आत्मविश्वासी राष्ट्र के रूप में गर्व से खड़ा है, जो विकास, नवाचार और सभी के लिए बेहतर भविष्य निर्माण के साथ-साथ वैश्विक उपस्थिति को भी सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है. सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ.





# मौसम की पहली झमाझम, 2 .5 इंच से ज्यादा बारिश

- कुल आंकड़ा पहुंचा 17 .5 इंच

नव भारत न्यूज

**इंदौर. मंगलवार को बारिश के मौसम में पहली झमाझम बारिश हुई. कल दोपहर से बना कम दबाव के क्षेत्र से इंदौर और आसपास बारिश शुरू हुई. आज पहली बार शहर और आसपास के इलाकों में जमकर पानी बरसा. अभी शाम को मौसम विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार आज दिनभर में ढाई इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गई है. अभी तक कुल 17.5 इंच पानी दर्ज हुआ है. शहर के पूर्वी इलाके में 20 इंच आंकड़ा पहुंचा है.**

जैसा कि पूर्व में मौसम वैज्ञानिक अजय शुक्ला ने बताया था कि दक्षिण उड़ीसा और उत्तरी आंध्र प्रदेश में कम दबाव का सिस्टम बना हुआ है. मानसून की द्रोणिका आंध्र समुद्र तट से मध्य प्रदेश से गुजर रही है. कम दबाव का क्षेत्र धीरे धीरे आगे बढ़कर अच्छी बारिश करेगा. यह मौसम की भविष्यवाणी सही साबित हुई और दो दिन बाद बादलों ने शहर में डेरा डाल दिया है. कल दोपहर 12.30 से बारिश का दौर लगातार चल रहा है. कल से आज शाम 5.30 बजे तक शहर में 3.5 इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गई है. अभी तक कुल बारिश का आंकड़ा 16 इंच को पार कर गया है, लेकिन अभी यह आंकड़ा कुल बारिश का 50 प्रतिशत भी नही हैं. इतना ही नहीं सामान्य बारिश का भी 50 प्रतिशत आंकड़ा अभी पूरा नही हुआ है. इंदौर में सामान्य बारिश 36 इंच मानी जाती है। उस हिसाब से अभी भी 50 प्रतिशत आंकड़ा छूने के लिए 2 से 3 इंच बारिश की आवश्यकता है। वैसे इंदौर में 42 इंच बारिश को अच्छी बारिश माना जाता है। अच्छी बारिश के आंकड़े को पाने के लिए 26 इंच बारिश की जरूरत है। वहीं सामान्य बारिश के लिए भी 20 इंच बारिश की आवश्यकता है. सामान्य तौर पर माना जाता है कि 15 जून से 15 सितंबर तक बारिश का मौसम रहता है. उस दृष्टि से अभी बारिश के 25 दिन शेष है. यदि इसी तरह कम दबाव का क्षेत्र बना रहा, तो सामान्य बारिश होना संभव हो सकता है.



### अभी एक सिस्टम और बनने से बारिश पूर्ति की उम्मीद

मौसम वैज्ञानिक अजय शुक्ला ने कहा कि विदर्भ और गुजरात के बीच बंगाल की खाड़ी में नीचे के ओर पश्चिम की तरफ भी दक्षिण पश्चिम में अरब सागर में आर्द्रता बढ़ती दिख रही है. कम दबाव के क्षेत्र में धीमा सिस्टम पानी गिराता है. यह धीरे धीरे आगे बढ़ेगा तो यह अच्छी बारिश होने का संकेत दे रहा है. कुल मिलाकर समुद्र में आर्द्रता बढ़ने से अच्छा और भारी बारिश होने का अनुमान रहता है. यह दोनों सिस्टम धीरे धीरे आगे बढ़ते रहे तो मालवा निमाड़ में बारिश की पूर्ति बचे 25 दिनों में हो जाएगी.

# नगर कार्यकारिणी को लेकर भाजपा में घमासान

- विधायक गौड़ नाराज, पर्यवेक्षक पहुंचे मिलने
- विवेक जोशी और आशुतोष तिवारी

नव भारत न्यूज

**इंदौर. भाजपा में नगर कार्यकारिणी को लेकर घमासान मच गया है. नगर अध्यक्ष ने पर्यवेक्षकों के साथ बैठकर सूची भोपाल प्रदेश अध्यक्ष को भेज दी थी. इस बीच एक विधायक ने आपत्ति लेकर नाराजगी जाहिर कर दी. इसके बाद पर्यवेक्षकों को दोबारा भेजा और उनके नाम लिए गए.**

नगर कार्यकारिणी के नामों को लेकर सुमित मिश्रा फंस गए है. मिश्रा ने भोपाल से भेजे गए पर्यवेक्षक विवेक जोशी और आशुतोष तिवारी के साथ बैठक कर नाम फाइनल कर सूची अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल को भेज दी थी. बताया जा रहा है कि विधायक मालिनी गौड़ ने अपने नाम को लेकर आपत्ति दर्ज करवाई और नाम नहीं दिए. प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने दोनों पर्यवेक्षक को दोबारा भेजा. दोनों पर्यवेक्षक ने गौड़ के घर जाकर नाम लिए और भोपाल सौंप दिए. कहा जा रहा है कि क्षेत्र क्रमांक चार में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सांसद शंकर लालवानी, पूर्व सांसद सुमित्रा महाजन ने अपने समर्थकों क्रमशः भारत पारिख, विशाल गिदवानी, सुधीर देडगे, प्रकाश परवानी के नाम दिए है. इसमें सबसे महत्वपूर्ण पद महामंत्री का है, जिस पर गौड़ वीरेंद्र शेंडके को बनाना चाहती है. दूसरा यह है कि एक, दो और तीन के विधायक एवं महापौर के साथ नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के संबंध बेहद करीबी है. मिश्रा, विजयवर्गीय, मेंदोला, गोलू और पुष्यमित्र के नामों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप सकते है.

### विजयवर्गीय बनाना चाहते हैं केसरी को

कहा जा रहा है कि मंत्री विजयवर्गीय अनुसूचित जाति से भूपेंद्र केसरी को महामंत्री पद देना चाहते है और केसरी एक नंबर में विजयवर्गीय के चुनाव में बहुत सक्रिय रहे थे. केसरी के अलावा मेंदोला अपने समर्थक सुधीर कोल्हे, शिवम वर्मा को गोलू का समर्थन है. वहीं एक नाम हरप्रीत सिंह बक्षी का है, जो कैलाश और मेंदोला ने रखा है. खैर, कार्यकारिणी घोषित होगी तो मालूम पड़ हो जाएगा कि किसको कितनी तवज्जों और महत्व मिला. कौन विधायक का वर्चस्व बना और कमजोर हुआ. एक बात तय है कि गौड़ को पद नहीं मिले तो चार नंबर भी उनके खाते में से जाने के संभावना बढ़ जाएगी. नया चेहरा बीजेपी लाने में डरेगी नहीं.

### चार नंबर में बढ़ रहा हस्तक्षेप

इससे भी बढ़कर सभी नेताओं शंकर, सुमित्रा महाजन के साथ पुष्यमित्र का हस्तक्षेप चार नंबर विधानसभा हो रहा है. इसमें भी पुष्यमित्र भार्गव की लोकप्रियता और प्रभाव लगातार बढ़ता जा रहा है. अंदर ही अंदर विधायक गौड़ के पुत्र एकलव्य गौड़ की लगातार भोपाल और संगठन स्तर पर शिकायत की जा रही है. इससे मालिनी विचलित होकर नाराजगी जाहिर कर रही है. गौड़ को लग रहा है कि उनके समर्थकों को नगर कार्यकारिणी में उचित स्थान नहीं मिलेगा. इसलिए ही उन्होंने नाम देने से इंकार किया और फिर पर्यवेक्षकों को अपने नाम पद सहित देने के मांग की है.



# जर्मन टेक कंपनियों ने दिखाई प्रदेश में उद्योग को लेकर रुचि

- प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के उद्यमियों से राउंड टेबल पर की चर्चा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. एमपी ग्लोबल स्टार्ट अप एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत जर्मन कंपनियों का प्रतिनिधि मंडल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन की संभावना तलाशने इंदौर आया. प्रतिनिधि मंडल में जर्मनी की बड़ी टेक कंपनियों प्रतिनिधियों ने प्रदेश के उद्यमियों से चर्चा की.**

जर्मन कंपनियों का एक प्रतिनिधि मंडल चार दिवसीय इंदौर भोपाल में टेक कंपनियों की स्थापना करने संभावना तलाशने आया है. इसमें एआई, डाटा एनालिसिस, आईओटी, सॉफ्टवेयर और एंटरप्राइजेस से जुड़ी कंपनिया मुख्य है. प्रतिनिधि मंडल के सामने प्रदेश की कंपनियों के उधमियों के साथ डिजाइन थिंकिंग वर्कशॉप में भागीदारी की. प्रदेश के कई उद्यमियों ने इंटरेक्टिव राउंड टेबल पर तकनीकी उपयोग और विकास पर प्रेजेंटेशन दिया. जर्मनी की टीलर्स, हैलोनिक, स्टेक्स, क्यू कनेक्ट एजी और क्लाउड स्विद कंपनियों के प्रतिनिधि ने एमपीआईडीसी के विभिन्न प्रोजेक्ट को देखा और प्रदेश में ग्लोबल स्टार्ट अप एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत कंपनियों की स्थापना को लेकर रुचि दिखाई.

### 50 से ज्यादा उद्यमियों ने ली जानकारी

एमपीआईडीसी के हिमांशु प्रजापति ने कहा कि राउंड टेबल पर प्रदेश और जर्मन कंपनियों के 50 से ज्यादा उद्यमियों ने सॉफ्टवेयर, एआई, डाटा एनालिस पर तकनीकी उत्पादों और डिजाइन को लेकर जानकारी ली है. भविष्य की संभावना को देखते हुए टेक्नोलॉजी इनोवेशन प्रतिनिधि मंडल ने विशेष चर्चा की.

# कई सामाजिक सवाल खड़े करता है नाटक माझं घर

- 20 वीं सानंद नाट्य स्पर्धा में संस्था वेल एन वेल सोसायटी की अत्यंत प्रभावी प्रस्तुति

**इंदौर. 20 वीं सानंद नाट्य स्पर्धा के अंतर्गत तीसरे दिन सोमवार को इंदौर के संस्था वेल एन वेल सोसायटी ने जयंत पवार द्वारा लिखित और रेखा देशपांडे द्वारा दिग्दर्शित नाटक माझं घर की प्रभावी प्रस्तुति दी. नाटक स्त्री विमर्श को अत्यंत गंभीरता से खड़े करता है. इसी के साथ अनेक सामाजिक प्रश्न भी नाटक ने खड़े किए हैं.**

कथा पटकथा और संवाद बेहद चुस्त और प्रभावी बन पड़े हैं. उतना ही प्रभावी दिग्दर्शन रेखा देशपांडे का है. नाटक के कई दृश्य कमाल के हैं. सभी कलाकारों का अभिनय याद रहता है. बैकस्टेज आर्टिस्ट की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही है. खास तौर पर प्रकाश योजना, ध्वनि संकलन और नेपथ्य के लिए की गई मेहनत साफ नजर आती है. कुल मिलाकर नाटक का मंचन अपनी स्पष्ट छाप छोड़ने में सफल रहा है. नाटक के मंचन की खास बात यह है कि सभी बैकस्टेज आर्टिस्ट्स महिलाएं हैं.



### कहानी

विवाह ऐसा मोड़ है जब किसी स्त्री के जीवन में बहुत बड़ा और निर्णायक परिवर्तन आता है. जिस परिवार में उसका जन्म होता है, विवाह के बाद वो परिवार पराया हो जाता है.उसे इस नए परिवार में इस तरह एडजस्ट करना है जैसे वह उसका अपना परिवार हो. विवाह के समय एक स्त्री की क्या मानसिकता होती है. इस पर यह कथानक आधारित है.विवाह के बाद ऐसी परिस्थितियां बनती हैं कि तलाक की नौबत आ जाती हैं. ऐसे में नायिका विभा प्रधान कहती है, मैं तलाक के लिए तैयार हूं लेकिन मुझे मेरा घर चाहिए, क्योंकि विवाह के बाद में ससुराल को ही अपना घर मान चुकी हूं. ऐसे में उसका भाई पुनर्विवाह का प्रस्ताव लेकर आता है लेकिन नायिका कहती है कि अब मैं फिर से विस्थापन के लिए तैयार नहीं हूं. मानसिक रूप से थकाने वाले कई नए सवाल खड़े होते हैं ? नायिका विभा इन गुत्थियों को किस तरह सुलझाती है। यह दर्शाने वाला आईना है जयंत पवार लिखित नाटक माझं घर यांनी मेरा घर !



# बच्चों को दी गुड व बैड टच की जानकारी

**इंदौर. लायंस क्लब सनशाइन द्वारा शासकीय मिडिल स्कूल पिपलियाकुमार निपानिया के 100 बच्चों को गुड टच बैड टच के बारे में बताने के लिए विशेष रूप से प्रीति बॉथम उपस्थित थीं. उन्होंने किशोर अवस्था के बच्चों को**

यौन शोषण तथा हिंसा के बारे में समझाय. इससे किस प्रकार अपनी सुरक्षा की जाए समझाया. आजकल छोटी उम्र की बालिकाओं का शारीरिक व दैहिक शोषण हो रहा है उससे बचने के लिए जागरूकता अति आवश्यक है. इसी को ध्यान में रखते हुए सभी बालक-बालिकाओं को सचेत किया गया. क्लब से अध्यक्ष संगीता पाठक, जोन चेयरपर्सन आशमा मल्होत्रा, कोषाध्यक्ष अर्चना शर्मा, मधु व्यास, ऋतु खन्ना तथा पूजा जोशी उपस्थित थीं.




# कोई रचना कभी कोई फैसला नहीं देती : डॉ जैन

नव भारत न्यूज

**इंदौर. मुझे नहीं लगता कि संग्रह की रचनाएं कोई फैसला देती है बल्कि कोई भी रचना कभी कोई फैसला नहीं देती है. यह कहानियां किसी अदालती फैसले से बहुत बड़ी हैं. भारतीय परिवारों में जिस दिन विवाह की असफलता प्रेम की असफलता के रूप में स्वीकार लिया जाएगा, उस दिन विवाह विच्छेद जैसी त्रासदी समाप्त हो जाएगी.**

यह पूरी तरह से मानसिक खुराक का मसला है. यह बात मुख्य अतिथि अग्निधर्मा की संपादक एवं साहित्यकार डॉ शोभा जैन ने अश्विन कुमार दुबे के कहानी संग्रह सफल प्रेम विवाह की असफल दाम्पत्य कथाएं के विमोचन पर कही. कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सूर्यकांत नागर कहा कि प्रेम, प्रेम विवाह, दाम्पत्य जीवन पर विस्तार से विभिन्न पहलुओं पर सूक्ष्म विश्लेषण प्रस्तुत किया. क्षितिज साहित्य संस्था द्वारा संस्था से जुड़े साहित्यकार डॉ योगेंद्रनाथ शुक्ल, प्रभु त्रिवेदी, वसुधा गाडगिल, डॉ. शोभा जैन एवं रश्मि चौधरी को उनके मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी द्वारा घोषित सम्मान के लिए सम्मानित किया. इस अवसर पर शहर के संस्था अध्यक्ष सतीश राठी, ज्योति जैन, दीपक गिरकर, सुरेश रायकवार, देवेंद्र सिंह सिसोदिया, प्रदीप नवीन, सदाशिव कौतुक, डॉ पुरुषोत्तम दुबे, किशन शर्मा कौशल, रघुराज स्वरूप माथुर और नगर के वरिष्ठ साहित्यकार उपस्थित थे. संचालन रश्मि चौधरी और आभार सुरेश रायकवार ने माना.

**कार्यक्रम** | आईईटी सभागृह में प्रकृति संवाद का आयोजन

# प्रकृति का उपयोग जीवन को जोड़ने के लिए हो : गोविंदाचार्य

नवभारत न्यूज

**इंदौर.** हम चाहते हैं कि जल, जीवन, जंगल, जानवर, जन का अनुकूल विकास हो. इस धरा पर यह सिद्धांत विद्यमान हो कि जियो और जीने दो. शांति टुकड़ों में बंटकर अशांति न बने. जीवन को जोड़ने प्रकृति का उपयोग हो तोड़ने हेतु नहीं.

उक्त विचार प्रकृति संवाद के शुभारंभ समारोह में प्रख्यात चिंतक, मनीषी व विचारक के.एन. गोविंदाचार्य ने व्यक्त किए. वे खंडवा रोड स्थित देवी अहिल्या विवि के आईईटी सभागृह में महाविद्यालयीन विद्यार्थियों, बुद्धिजीवियों और पद्म अवार्ड से अलंकृत विभूतियों को सम्बोधित कर रहे थे.

श्री गोविंदाचार्य ने कहा कि प्रकृति को सर्वनाश से बचाने हेतु उसके संरक्षण के साथ-साथ उसके विकास की परिकल्पना भी साकार होनी चाहिए. प्रकृति संवाद ही प्रकृति के प्रति आत्मिक भाव पैदा करते हैं और उसके प्रति लगाव उत्पन्न करते हैं. जल, वन, पर्वत, नदी सभी को शुद्ध स्वरूप में तथा अस्तित्व में बनाए रखना आज की आवश्यकता है. पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने कहा कि प्रकृति संवाद हो तथा प्रकृति से भी संवाद हो. प्रकृति ही हमारे जीवन का आधार है. सांस लेने व सांस छोड़ने की प्रक्रिया सभी कुछ प्राकृतिक है. प्रकृति की सुरक्षा हमारा कर्तव्य है और प्राणिमात्र के जीवन का आधार भी है. इस अवसर पर पद्मश्री डॉ. ए.पी. सेलवम, पद्मश्री डॉ.श्याम सुन्दर पालीवाल , पद्मश्री जनक पलटा , पद्मश्री महेश शर्मा, पद्मश्री हिम्मतराम भांभू, पद्मश्री उमाशंकर पांडे भी मंच पर उपस्थित थे. कार्यक्रम की रूपरेखा प्रो. डॉ श्याम सुन्दर पलोड ने रखी. स्वागत भाषण डॉ. सर्वेश खंडेलवाल ने दिया. प्रकृति संवाद की जानकारी अजीत कुमार तिवारी ने दी. कार्यक्रम में शोध स्मारिका का विमोचन भी किया गया. शोध पत्रिका के संपादक डॉ शैलेंद्र शर्मा ने मंच पर अतिथियों के हाथों विमोचन करवाया. आयोजन में मुख्य रूप से डॉ.सुबोध शर्मा काठमांडू, कुलदीप कृष्ण शर्मा जम्मू, बी.बी.वायकर मराठवाडा इत्यादि भी उपस्थित थे. संचालन रोहन शर्मा व भावना पाठक ने किया. आभार आईईटी के निदेशक डॉ.प्रतोष बंसल ने माना.



### भविष्य को सुरक्षित रखने स्वच्छता जरूरी

मध्य प्रदेश सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के प्रमुख सचिव पी.नरहरि ने कहा कि भविष्य को सुरक्षित रखने हेतु स्वच्छता जरूरी है. स्वच्छता से ही स्वास्थ्य बेहतर होता है. हमारे ग्रंथो में पहला सुख निरोगी काया की अवधारणा प्रकृति के उत्थान में ही अंतर्निहित है. शोभा पैठनकर ने कहा कि उपयोगिता के अनुरूप उपभोगिता वाली जीवन शैली बनने से प्रकृति का विनाश हुआ है. हमारी ज्ञानेंद्रियां जो सुख-समृद्धि का आधार है वह लालसा का शिकार हो रही है. महामंडलेश्वर नरसिंहदास महाराज ने कहा कि हमारे धर्म ग्रंथो में पंचतत्व की पूजा की जाती है. हमारा शरीर भी पांच तत्वों से मिलकर बना है, ये पांच तत्व प्रकृति से ही हमें प्राप्त होते हैं. अत: इन्हें संजोकर रखना हमारे जीवन के लिए जरूरी है.